प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

दिनांक 17.03.2025 समय: 2.10 PM

रायसीना डायलॉग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में आयोजित 10वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन कर रहे हैं । यह सम्मेलन 19 मार्च तक चलेगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन इसके मुख्य अतिथि हैं। इस बार के रायसीना डायलॉग की 'थीम: कालचक्र- पीपुल प्लेस और प्लेनेट' है। इसमें करीब 125 देशों के 3500 से ज्यादा लोग शामिल होंगे।

अंतरिक्ष यात्री

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आईएसएस पर नौ महीने से अधिक समय से फंसे दो अमरीकी अंतरिक्ष यात्री कल रात पृथ्वी पर लौट आएंगे। नासा ने एक बयान में कहा कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को एक अमरीका के तथा रूस के एक अन्य अंतरिक्ष यात्री सहित स्पेस एक्स क्रू ड्रैगन क्राफ्ट से घर लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री जून से आईएसएस पर फंसे हुए हैं।

डॉल्फिन

भारत में पहले डॉल्फिन मछली सर्वेक्षण के अनुसार पूरे देश की नदियों में 6 हजार 327 डॉल्फ़िन का अनुमान है। इसमें असम की पाँच नदियों में 635 डॉल्फ़िन हैं। हाल ही में गुजरात के जूनागढ़ में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार असम में डॉल्फ़िन को खीहू के नाम से जाना जाता है। गुवाहाटी के पास कुलसी नदी में एक नर गंगा डॉल्फ़िन को सैटेलाइट टैग किया गया है। यह भारत और दुनिया में पहली बार था कि गंगा नदी डॉल्फ़िन को टैग किया गया था।

जगदम्बिका पाल-वक्फ

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध पर श्री पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि सदन में 428 पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है और वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं।

जगदम्बिका पाल

दूरसंचार- हैकथॉन

दूरसंचार विभाग ने 5G इनोवेशन हैकथॉन 2025 की घोषणा की है, इसका उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अभिनव 5G-संचालित तकनीक के विकास में तेजी लाना है। यह पहल छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों को 100 से अधिक 5G यूज़ केस लैब्स के फंडिंग और पहुँच में मदद प्रदान करेगा। जिससे प्रतिभागियों को दूरदर्शी विचारों को स्केलेबल तकनीकों में बदलने में मदद मिलेगी।

मौसम

प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। गर्मी के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है, तो कई जगहों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान 36-40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश के आधे हिस्से में 19 और 20 मार्च को आंधी-बारिश की संभावना जताई है। भोपाल, जबलपुर सहित कुछ जिलों में 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

कूनो चीता

कूनो नेशनल पार्क चीतों के आगमन के बाद पर्यटन का केन्द्र बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी को उसके दो नर और दो मादा शावकों के साथ कूनो नेशनल पार्क के खजूरी पर्यटन जोन के जंगल में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की है।

ग्वालियर पुस्तक मेला

स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक वृहद पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। पुस्तक मेले के पंजीयन के लिये 17 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है।

समाचार संक्षेप में....

- विदिशा जिले की गंज बासौदा तहसील की छात्राओं के लिए 24 फरवरी से 20 मार्च तक व्यक्तित्व विकास, सम्प्रेषण कला एवं कम्प्यूटर स्किल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

- खंडवा जिले के उपस्वास्थ्य केन्द्र रोहणी, सुंदरदेव, मलगांव, सलाई व निहालवाड़ी को भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के आधार पर गुणवत्ता प्रमाण पत्र दिया गया है।
- जबलपुर के सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार में भाई दूज के अवसर पर आज भी बंदियों की मुलाकात उनकी बहनों से कराई जा रही है।
- इंटेक के धार चैप्टर द्वारा भारत पेंटिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 9 शासकीय और अशासकीय स्कूलो के बच्चों ने भाग लिया।